No. 24#135#01

# I-0773

A
SET/सेट

हायर सेकेण्ड्री मुख्य परीक्षा वर्ष - 2024
Higher Secondary Examination (Main) - 2024

## बुक कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी
## BOOK KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

| Total Questions : 23 | Total Printed Pages : 16 | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 80 |
|---|---|---|---|

प्रश्न हल करना **अनिवार्य** है।

क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रति वस्तुनिष्ठ प्रश्न **01** अंक का है।

के अंक प्रश्न के सामने दर्शाए गए हैं।

क्रमांक **6** से **15,** प्रत्येक प्रश्न **2** अंक, शब्द सीमा **30** शब्द।

क्रमांक **16** से **19,** प्रत्येक प्रश्न **3** अंक, शब्द सीमा **75** शब्द।

क्रमांक **20** से **23,** प्रत्येक प्रश्न **4** अंक, शब्द सीमा **120** शब्द।

क्रमांक **6** से **23** तक सभी में आंतरिक विकल्प हैं।

त्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं है।

**Instructions :**

(i) All questions are **compulsory** to solve.

(ii) Question Nos. **1** to **5** are objective type questions. Each objective question carries **01** mark. Marks of each question are given before the question.

(iii) Question Nos. **6** to **15,** each question **02** marks, word limit **30** words.

(iv) Question Nos. **16** to **19,** each question **03** marks, word limit **75** words.

(v) Question Nos. **20** to **23,** each question **04** marks, word limit **120** words.

(vi) Question No. **6** to **23** have internal options.

(vii) There is no limit of words in numerical questions.

---

**1** सही विकल्प चुनिए : **6**

(i) साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदारों की पूँजी पर ब्याज दिया जाता है –

(अ) 6% (ब) 10%

(स) 12% (द) नहीं दिया जाता

(ii) वह अनुपात जिसमें पुराने साझेदार, नए साझेदार के पक्ष में त्याग करने के लिए सहमत होते हैं, कहलाता है –

(अ) प्राप्ति अनुपात (ब) त्याग अनुपात

(स) पुराना लाभ–हानि अनुपात (द) नया लाभ–हानि अनुपात

(iii) अ, ब तथा स $\frac{2}{4}, \frac{2}{4}, \frac{2}{8}$ के अनुपात में साझेदार हैं। ब सेवानिवृत्त होता है। नया लाभ–हानि अनुपात होगा –

(अ) 2 : 2 (ब) 1 : 1

(स) 1 : 2 (द) 2 : 1

(iv) किसी साझेदार की सेवा निवृत्ति/मृत्यु पर उसके पूँजी खाते को जमा किया जाएगा–

(अ) फर्म की ख्याति से (ब) शेष साझेदारों के भाग की ख्याति से

(स) उसके भाग की ख्याति से (द) पुरानी ख्याति से

(v) अंशों पर बकाया माँग पर ब्याज दर अधिक नहीं हो सकती –

(अ) 10% से (ब) 5% से

(स) 6% से (द) 12% से

(vi) हरण अंशों के पुनःनिर्गमन का लाभ हस्तांतरित होता है –

(अ) सामान्य आरक्षित में (ब) पूँजी आरक्षित में

(स) पूँजी शोधन आरक्षित में (द) लाभ–हानि खाते में

Choose the correct option :

(i) In the absence of partnership deed, interest on partner's capital is allowed -

(a) 6% (b) 10%

(c) 12% (d) Not allowed

(ii) The ratio in which old partners agree to sacrifice in favour of new partner is called -

(a) Gaining ratio (b) Sacrificing ratio

(c) New profit-loss ratio (d) Old profit-loss ratio

(iii) A, B and C are partners in the ratio of $\frac{2}{4}, \frac{2}{4}, \frac{2}{8}$. B retires. The new profit-loss sharing ratio will be -

(a) 2 : 2 (b) 1 : 1

(c) 1 : 2 (d) 2 : 1

(iv) On retirement / death of a partner, his capital account will be credited with -

(a) goodwill of the firm (b) remaining partners' share of goodwill

(c) his share of goodwill (d) old goodwill

(v) Interest rate on calls on arrears on shares must not exceed -

(a) 10% (b) 5%

(c) 6% (d) 12%

(vi) The profit on re-issue of forfeited shares is transferred to -

(a) General Reserve

(b) Capital Reserve

(c) Capital Redemption Reserve

(d) Profit & Loss Account

**2** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **6**

(i) स्थिर पूँजी विधि में ________ खाता भी बनाया जाता है।

(ii) साझेदारों के लाभ–हानि अनुपात में बदलाव से साझेदारी फर्म का ________ होता है।

(iii) किसी भी सूचना के अभाव में विद्यमान साझेदारों द्वारा सेवानिवृत्त/मृत साझेदार के भाग को ________ अनुपात में अधिगृहित किया जाता है।

(iv) ________ कंपनी के अंशों का हस्तांतरण किया जा सकता है।

(v) 'रोकड़' में रोकड़ तथा ________ शामिल हैं।

(vi) एक वर्ष के दौरान उपार्जित आय में वृद्धि को निवल लाभ के साथ ________ जाता है।

Fill in the blanks :

(i) ________ account is also prepared in Fixed Capital Method.

(ii) Change in profit-loss ratio of partners result in the ________ of partnership firm.

(iii) In the absence of any information, the existing partners will acquire retiring/deceased partner's share in ________ ratio.

(iv) The shares of ________ company are transferrable.

(v) 'Cash' includes cash and ________.

(vi) An increase in accrued income during the particular year is ________ the net profit.

**3** सही जोड़ी बनाइए : **7**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) औसत लाभ | (1) दीर्घकालिक ऋण |
| (ii) आहरण पर ब्याज | (2) अल्पकालिक ऋणशोधन क्षमता |
| (iii) अधिकृत पूँजी | (3) माल का विक्रय |
| (iv) ऋणपत्र | (4) गुणनफल विधि |
| (v) स्थिर ब्याज दर | (5) अंशों का प्रतिफल |
| (vi) द्रवता अनुपात | (6) विनियोजित पूँजी |
| (vii) प्रचालन से रोकड़ | (7) कंपनी के स्वामी |
| | (8) सीमा पार्षद नियम |
| | (9) स्थिर परिसंपत्तियों की बिक्री |
| | (10) ऋणपत्र का प्रतिफल |

Match the correct columns :

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| (i) Average profit | (1) Long term loan |
| (ii) Interest on drawings | (2) Short term solvency |
| (iii) Authorised capital | (3) Sales of goods |
| (iv) Debentures | (4) Product method |
| (v) Fixed interest rate | (5) Return on shares |
| (vi) Liquidity ratio | (6) Capital employed |
| (vii) Cash from operating activities | (7) Owners of company |
| | (8) Memorandum of Association |
| | (9) Sales of fixed assets |
| | (10) Return on debentures |

4 एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिए। 7

(i) सामान्य लाभ पर वास्तविक लाभ का आधिक्य क्या कहलाता है?

(ii) अंश पूँजी का वह भाग जो कंपनी के समापन के समय माँगा जाता है, कहलाता है –

(iii) किस प्रकार के अंशों को लाभांश भुगतान में प्राथमिकता दी जाती है?

(iv) पूँजी संचय किस प्रकार के लाभ से बनाया जाता है?

(v) प्रत्येक कंपनी को तुलनपत्र, कंपनी अधिनियम 2013 की किस अनुसूची के अनुसार बनाना चाहिए?

(vi) कौन से अनुपात प्रमुख रूप से प्रत्याय की गणना करते हैं?

(vii) स्थिर परिसंपत्तियों को प्राप्त करने के लिए नकद भुगतान किस प्रकार का क्रिया–कलाप है?

Write answer in one word / sentence.

(i) The excess of actual profit over normal profit is called -

(ii) The part of share capital which is called at the time of winding up of a company is called -

(iii) Which type of shares are given priority in the payment of dividend?

(iv) Capital Reserve is created out of which type of profit?

(v) Every company shall prepare its Balance Sheet according to which schedule of the Company Act, 2013?

(vi) Which ratios are primarily measures of return?

(vii) Cash paid to acquire fixed assets is which type of activity?

5 सत्य / असत्य लिखिए : 6

(i) साझेदारी संलेख बनाना अनिवार्य है।

(ii) फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष को बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाता है।

(iii) फर्म के विघटन पर साझेदारी का विघटन निश्चित होता है।

(iv) प्रदत्त पूँजी याचित पूँजी से अधिक हो सकती है।

(v) ऋणपत्रधारी कंपनी के स्वामी होते हैं।

(vi) कंपनी के वित्तीय विवरण में रोकड़ प्रवाह विवरण भी शामिल रहता है।

Write True / False :

(i) Preparation of partnership deed is compulsory.

(ii) On the dissolution of firm, Bank Overdraft is transferred to Bank Account.

(iii) Dissolution of firm necessarily involves dissolution of partnership.

(iv) Paid up capital can exceed called up capital.

(v) Debentureholders are the owners of the company.

(vi) The financial statements of a company also include cash flow statement.

6 साझेदारी को परिभाषित कीजिए। 2

Define partnership.

**अथवा / OR**

लाभ–हानि नियोजन खाता क्या है?

What is Profit & Loss Appropriation Account?

7 स्थिर पूँजी विधि तथा अस्थिर पूँजी विधि में कोई दो अंतर लिखिए। 2

Write any two differences between Fixed Capital Method and Fluctuating Capital Method.

अथवा / **OR**

सोनू प्रत्येक माह के आरंभ में ₹ 5,000 आहरित करता है। आहरण पर ब्याज की दर 10% प्रति वर्ष है। आहरण पर ब्याज की गणना कीजिए।

Sonu withdraws ₹ 5,000 at the beginning of each month. The rate of interest on drawings is 10% p.a. Calculate interest on drawings.

8 अ, ब तथा स 3 : 4 : 2 के अनुपात में साझेदार हैं। ब सेवानिवृत्त होता है। अ तथा स का नया लाभ–हानि अनुपात 5 : 3 है। प्राप्ति अनुपात की गणना कीजिए। 2

A, B and C are partners in the ratio of 3 : 4 : 2. B retires. The new profit-loss sharing ratio of A and C is 5 : 3. Calculate gaining ratio.

अथवा / **OR**

P, Q तथा R, 5 : 4 : 3 के अनुपात में साझेदार हैं। Q सेवानिवृत्त होता है तथा उसका भाग P तथा R आधा–आधा प्राप्त करते हैं। P तथा R का नया लाभ–हानि अनुपात ज्ञात कीजिए।

P, Q and R are partners in the ratio of 5 : 4 : 3. Q retires and his share is acquired by P and R equally. Find new profit-loss sharing ratio of P and R.

9 सूचना द्वारा फर्म का विघटन को समझाइए। 2

Explain Dissolution of Firm by Notice.

अथवा / **OR**

फर्म के अनिवार्य विघटन की कोई दो परिस्थितियां लिखिए।

Write any two conditions for the compulsory dissolution of the firm.

10 'अंश' से क्या आशय है? 2

What is meant by 'Share'?

**अथवा / OR**

''कंपनी का स्थायी उत्तराधिकार होता है।'' समझाइए।

"Company has Perpetual Succession." Explain.

11 अनिल के पास TRS Ltd. के 25 अंश थे। प्रत्येक अंश ₹ 100 का था। अनिल ने ₹ 20 आवेदन के दिए परंतु वह आवंटन ₹ 30 तथा प्रथम माँग ₹ 20 नहीं दे पाया। उसके अंश प्रथम माँग के बाद हरण किए गए। अंश हरण की प्रविष्टि दीजिए। 2

Anil had 25 shares of TRS Ltd. of ₹ 100 each. Anil paid ₹ 20 on application but could not pay ₹ 30 on allotment and ₹ 20 on first call. His shares were forfeited after first call. Give journal entry for forfeiture.

**अथवा / OR**

Y Ltd. ने 20,000 समता अंश, ₹ 10 प्रति अंश की दर से निर्गमित किए। संपूर्ण राशि एक मुश्त प्राप्त हो गई। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

Y Ltd. issued 20,000 equity shares of ₹ 10 each. All the money was received in lump-sum. Give necessary journal entries.

12 एक कंपनी ने XYZ Ltd. से एक मशीन ₹ 99,000 में क्रय की। क्रय राशि का भुगतान, 11% ऋणपत्र, प्रत्येक ₹ 100, को सम मूल्य पर निर्गम कर किया। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ करें। 2

A company purchased a machinery from XYZ Ltd. for ₹ 99,000. The purchase price was paid by issuing 11% debentures of ₹ 100 each at par.

Give necessary journal entries.

**अथवा / OR**

पंजीकरण के दृष्टिकोण से ऋणपत्र के प्रकार समझाइए।

Explain types of debentures from the point of view of Registration.

13 कंपनी के 'वित्तीय विवरण' के कोई दो उद्देश्य समझाइए। 2

Explain any two objects of 'Financial Statements' of company.

अथवा / OR

'वित्तीय विवरण' की प्रकृति के कोई दो बिंदु लिखिए।

Write any two points of nature of 'Financial Statements'.

14 निवल लाभ अनुपात क्या है? 2

What is Net Profit Ratio?

अथवा / OR

निम्नलिखित से चालू अनुपात की गणना कीजिए :

बैंक अधिविकर्ष ₹ 20,000; रोकड़ ₹ 15,000; अदत्त व्यय ₹ 10,000; उपार्जित आय ₹ 5,000; रहतिया ₹ 5,000; पूर्वदत्त व्यय ₹ 5,000.

Calculate Current Ratio from the following :

Bank overdraft ₹ 20,000; Cash ₹ 15,000; Outstanding expenses ₹ 10,000; Accrued income ₹ 5,000; Stock ₹ 5,000; Prepaid expenses ₹ 5,000.

15 रोकड़ प्रवाह विवरण क्या है? 2

What is Cash Flow Statement?

अथवा / OR

रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई दो उद्देश्य लिखिए।

Write any two objects of Cash Flow Statement.

- - - - - -

16 A तथा B, 3 : 2 के अनुपात में साझेदार हैं । 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष का चिट्ठा निम्न है : 3

**चिट्ठा**

| दायित्व | राशि | संपत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | मशीन | 20,000 |
| A | 20,000 | स्टॉक | 16,000 |
| B | 15,000 | देनदार | 15,000 |
| सामान्य संचय | 15,000 | रोकड़ | 500 |
| लेनदार | 7,500 | बैंक | 6,000 |
| | **57,500** | | **57,500** |

31 मार्च, 2015 को B सेवानिवृत्त होता है। शर्तें निम्न हैं :

(1) मशीन का मूल्यांकन $7\frac{1}{2}\%$ तथा स्टॉक का मूल्यांकन 15% कम होगा।

(2) देनदारों पर 5% प्रावधान बनाइए।

(3) लेनदारों पर 2% प्रावधान बनाइए।

पुनः मूल्यांकन खाता तैयार कीजिए।

A and B are partners in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet on 31st March, 2015 is as under.

**Balance Sheet**

| Liabilities | Amt. | Assets | Amt. |
|---|---|---|---|
| Capitals : | | Machine | 20,000 |
| A | 20,000 | Stock | 16,000 |
| B | 15,000 | Debtors | 15,000 |
| General Reserve | 15,000 | Cash | 500 |
| Creditors | 7,500 | Bank | 6,000 |
| | **57,500** | | **57,500** |

B retires on 31st March, 2015 on following terms :

(1) Reduce machine by $7\frac{1}{2}\%$ and stock by 15%.

(2) Create a provision on debtors 5%.

(3) Create a provision on creditors 2%.

Prepare Revaluation Account.

अथवा / **OR**

सेवानिवृत्त साझेदार को देय राशि के भुगतान की कोई दो विधियों का वर्णन कीजिए।

Explain any two methods of payment of the amount due to the retiring partner.

**17** अंश तथा ऋणपत्र में कोई तीन अंतर लिखिए। **3**

Write any three differences between Shares and Debentures.

अथवा / **OR**

ऋणपत्रों की कोई तीन विशेषताएँ समझाइए।

Explain any three characteristics of Debentures.

**18** निम्न मदों को मुख्य शीर्ष और उप–शीर्ष में वर्गीकृत करें : **3**

पेटेन्ट, फर्नीचर, व्यापारिक देय

Classify the following items under major heads and sub-heads :

Patents, Furniture, Trade payable

अथवा / **OR**

वित्तीय विश्लेषण के कोई तीन महत्व लिखिए।

Write any three importance of Financial Analysis.

BA00042777

19 वित्तीय क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह के कोई तीन उदाहरण लिखिए। 3

Write three examples of cash flow from financing activities.

अथवा / **OR**

रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई तीन लाभ लिखिए।

Write any three benefits of Cash Flow Statement.

20 अ तथा ब 3 : 1 के अनुपात हैं में साझेदार हैं तथा उनकी पूँजी क्रमश ₹ 10,000 और ₹ 8,000 है। साझेदारी विलेख के अनुसार ब को ₹ 2,000 वार्षिक वेतन प्राप्त होगा। पूँजी पर ब्याज 6% प्रति वर्ष की दर से देय होगा। उपरोक्त समायोजनों के पूर्व फर्म का निवल लाभ ₹ 8,000 है। अ तथा ब का आहरण क्रमशः ₹ 2,000 तथा ₹ 1,500 है। 4

लाभ–हानि नियोजन खाता तथा साझेदारों का पूँजी खाता बनाइए।

A and B are partners in the ratio of 3 : 1 with capital of ₹ 10,000 and ₹ 8,000. According to partnership deed B will get an annual salary of ₹ 2,000. Interest on capital is payable @ 6% p.a. The net profit of the firm before above adjustments is ₹ 8,000. The drawings of A and B are ₹ 2,000 and ₹ 1,500 respectively.

Prepare Profit & Loss Appropriation Account and Partners' Capital Account.

अथवा / **OR**

अ, ब तथा स एक फर्म में 5 : 3 : 2 के अनुपात में साझेदार हैं। अ ने व्यक्तिगत रूप से स को गारण्टी दी है कि स का लाभ, 10% प्रतिवर्ष पूँजी पर ब्याज देने के पश्चात्, ₹ 22,500 से कम नहीं होगा। अ, ब तथा स की पूँजी क्रमशः ₹ 1,20,000, ₹ 75,000 और ₹ 60,000 थी। पूँजी पर ब्याज देने के पूर्व फर्म का लाभ ₹ 1,19,250 है। लाभ–हानि समायोजन खाता बनाइए।

A, B and C are partners in a firm in the ratio of 5 : 3 : 2. A personally guaranteed C that his share of profit, after providing interest on capital @ 10% p.a., would not be less than ₹ 22,500. The capitals of A, B and C were ₹ 1,20,000, ₹ 75,000 and ₹ 60,000. The profit of the firm before providing interest on capital is ₹ 1,19,250.

Prepare Profit & Loss Appropriation Account.

21 फर्म के पुनर्गठन होने की चार परिस्थितियाँ समझाइए। 4

Explain four circumstances when a firm is reconstituted.

**अथवा / OR**

त्याग अनुपात एवं प्राप्ति अनुपात में कोई चार अंतर लिखिए।

Write any four differences between Sacrificing ratio and Gaining ratio.

22 X तथा Y 2 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं। वे Z को 1/6 भाग के लिए प्रवेश देते हैं जो ₹ 30,000 पूँजी तथा ₹ 9,000 ख्याति के नकद लाता है। X तथा Y अपने भाग की ख्याति आहरित करते हैं। 4

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

X and Y are partners in the ratio of 2 : 1. They admit Z for 1/6 share who brings ₹ 30,000 as capital and ₹ 9,000 for goodwill in cash. X and Y withdraw their share of goodwill.

Give necessary journal entries.

**अथवा / OR**

अधिलाभ का पूंजीकरण विधि से ख्याति की गणना कीजिए :

औसत लाभ ₹ 40,000, कुल संपत्तियाँ ₹ 6,00,000, चालू दायित्व ₹ 2,80,000, सामान्य प्रतिफल दर 10%.

Calculate goodwill by capitalisation of super profit method.

Average Profit ₹ 40,000, Total Assets ₹ 6,00,000, Current Liabilities ₹ 2,80,000, Rate of return 10%.

**23** एक कंपनी ने 20,000 समता अंश (₹ 10 प्रति अंश) ₹ 12 प्रति अंश की दर से निर्गमित किए। देय राशियाँ निम्नवत हैं : **4**

आवेदन – ₹ 2

आवंटन – ₹ 5 (अधिलाभ सहित)

प्रथम व अंतिम माँग – ₹ 5

समस्त राशियों को समय पर प्राप्त किया गया। कंपनी की पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ करें।

A company issued 20,000 equity shares (₹ 10 each) at ₹ 12 each. The amounts were paid as follows :

Application - ₹ 2

Allotment - ₹ 5 (including premium)

1st & final call - ₹ 5

All the money was duly received. Give journal entries in the books of the company.

**अथवा / OR**

एक कंपनी ने 25,000 समता अंश, ₹ 10 प्रति अंश की दर से निर्गमित किए, जिन पर देय राशियां निम्न थी :

आवेदन – ₹ 2, आवंटन ₹ 4 तथा प्रथम एवं अंतिम माँग पर – ₹ 4.

30,000 अंशों के लिए आवेदन राशि प्राप्त की गई। आवेदन पर प्राप्त आधिक्य राशि को आवंटन में समायोजित किया जाएगा।

कंपनी की पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ करें।

A company issued 25,000 equity shares of ₹ 10 each on which the amount was payable as follows :

Application - ₹ 2, Allotment - ₹ 4 and 1$^{st}$ & final call - ₹ 4.

Application money received for 30,000 shares. The excess amount received on application will be adjusted in allotment.

Give journal entries in the books of the company.